# जन्मदिन पार्टी में बुलाकर की हत्या

## दो दोस्तों में हो गया था विवाद, आरोपी युवक गिरफ्तार

**मण्डीदीप, 13 जुलाई. औद्योगिक नगर में एक युवक की निर्मम तरीके से जन्मदिन की पार्टी में बुलाकर हत्या कर दी गई है. पुलिस ने आरोपी को गिरफतार कर लिया है.**



जानकारी अनुसार सतलापुर के वार्ड 16 में निवासी भरत अहिरवार ने अपने जन्मदिन की पार्टी के अवसर पर अपने मित्र दीपक कुशवाह 27 को अपने घर बुलाया था, जिसमें पार्टी के दौरान उनमें किसी बात को लेकर विवाद हो गया. जिस पर भारत अहिरवार पिता नोनीतराम अहिरवार उम्र 32 ने दीपक कुशवाह को शराब के नशे में सिर पर वार कर चाकुओं से गोद दिया, जिससे दीपक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. जिसकी जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. वही पुलिस ने आरोपी को गिरफतार कर लिया है. सूत्रों के अनुसार आरोपी ने दीपक कुशवाह को मारने के बाद घर के एक पानी की टंकी में डाल दिया था. और अपने रिश्तेदार से यह बात शेयर की थी, जिस पर रिश्तेदार ने 100 डायल को इसकी सूचना दी. जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा तथा आरोपी को गिरफतार किया.

**इनका कहना है.**

सतलापुर में एक युवक की हथियार से मार कर हत्या कर दी गई है. जिसमें पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफतार कर लिया है. जिससे प्रकरण के संबंध में पूछताछ कर अग्रिम कार्यवाही कर न्यायालय गौहरगंज पेश किया जाएगा.

**शीला सुराणा** एसडीओपी औबेदुल्लागंज

## ई अटेंडेंस के विरोध में आजाद अध्यापक संघ उतरा सड़क पर

**सिंगरौली, 13 जुलाई.** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिला ईकाई सिंगरौली ने प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के निर्देश पर सिंगरौली जिलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार द्विवेदी के अगुवाई में ई अटेंडेंस के विरोध में रैली निकाल 12 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपा है. आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार द्विवेदी एवं प्रान्तीय संगठन मंत्री देवेन्द्र पनाड़िया मन्नु ने अपने लंबित मांगों में कहा है कि शिक्षको के लिए दोषपूर्ण ई अटेंडेंस व्यवस्था लागू न की जाये. जिन जिलों में यह व्यवस्था लागू की गई है, उसे तत्काल समाप्त कर जो अटेंडेंस व्यवस्था म.प्र. के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को लागू है.



# हाईवे पर पांच करोड़ की स्ट्रीट लाइट, फिर भी अंधेरा

## शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे अधिकारी

**मंडीदीप, 13 जुलाई. औद्योगिक शहर से गुजरने वाला नेशनल हाईवे इन दिनों अंधेरे में डूबा है. यह अंधेरा समरधा से मंडीदीप नेशनल हाईवे पर पसरा हुआ है.जिम्मेदार एजेंसी की लापरवाही और एमपीआरडीसी की उदासीनता का खामियाजा वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है.**

दरअसल मिसरोद से लेकर बिशन खेड़ा टोल प्लाजा तक पांच करोड़ की लागत से स्ट्रीट लाइट लगाई है, लेकिन आधे से अधिक बंद पड़ी हुई है. शिकायत करने के बाद भी सीडीएस और एमपीआईडीसी के अधिकारी खामोश नजर आ रहे हैं. जिसके चलते यहां करीब एक दर्जन से अधिक हादसे हो चुके हैं. जबकी इसका रखरखाव करने वाली ठेका कंपनी सीडीएस कर रही है जानकारी के अनुसार मिसरोद से सिमराई तक 14 किलोमीटर

हाइवे पर करीब 900 स्ट्रीट लाइट लगाई गई है. इनमें से मिसरोद से कलियासोत पुल तक कही कही लाइट जल रही हैं.पंतु यहाँ से सिमराही तक करीब 450 लाइटें बंद पड़ी हुई है इसके अलावा सतलापुर तिराहे पर बने अंडरपास के नीचे और सर्विस रोड के दोनों ओर अंधेरा पसरा हुआ है.

**एमपीआरडीसी के आदेश की उड़ रहीं धज्जियां**

कांवड़ यात्रा एवं श्रावण मास शुरू हो चुका है जिसको लेकर नर्मदापुरम से अलग-अलग मंदिरों के लिए कावड़ यात्रा निकल रही है प्रशासनिक अधिकारी भी आए दिन बैठक कर रहे हैं कि कांवड़ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को मुसीबत का सामना नहीं करना पड़े, लेकिन एमपीआरडीसी के अधिकारी प्रशासन के आदेश की किस धज्जियां उड़ा रहे हैं.



# भोजपुर मंदिर के रास्ते पर लगा लंबा जाम

- श्रद्धालु और राहगीर होते रहे परेशान
- जाम का मुख्य कारण खराब सड़कें और अतिक्रमण है

**भोपाल, 13 जुलाई. भोजपुर रोड पर रविवार दोपहर लंबा जाम लग गया, जिससे भोजपुर जाने वाले श्रद्धालु और राहगीर परेशान होते रहे. बंगरसिया से लेकर भोजपुर मंदिर तक करीब ढाई किलोमीटर लंबा जाम रहा. इस जाम में बड़ी संख्या में वाहन फंसे रहे. इस दौरान श्रद्धालुओं समेत अन्य राहगीरों को ढाई घंटे से अधिक समय तक परेशानी झेलनी पड़ी.**

लोगों ने बताया कि इस पूरे रास्ते में कहीं भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी नजर नहीं आए. इस लंबे में फंसे लोगों ने बताया कि बताया कि जाम का मुख्य कारण खराब सड़कें, बंगरसिया बाजार में सड़क पर लगे ठेले और दुकानों का अतिक्रमण है.

रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोजपुर मंदिर पहुंचे थे. दोपहिया और चारपहिया वाहन धीरे-धीरे चलते रहे. कई जगह तो विवाद की स्थिति भी बनी. व्यवस्था संभालने वाला कोई मौजूद नहीं था. श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हर रविवार यहां भारी भीड़ होती है, फिर भी ट्रैफिक कंट्रोल के कोई इंतजाम नहीं किए जाते. पूरे रास्ते पर ट्रैफिक पुलिस नदारद रही.

गौरतलब है कि भोजपुर मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है. बड़ी संख्या में लोग मंदिर दर्शन के लिए पहुंचते हैं. वहीं, बंगरसिया क्षेत्र में रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है, जहां ठेले, खोमचे और दुकानें सीधे सड़क पर लगा दी जाती हैं. इससे रास्ता बेहद संकरा हो जाता है और ट्रैफिक घंटों तक जाम रहता है. श्रावण माह भी शुरू हो गया है, श्रावण सोमवार के दिन बड़ी संख्या में भोपाल और आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु भोजपुर पहुंचते हैं.

# एमपी में बेहिचक निवेश करें : सीएम

- सीएम बोले-हम भी आपको रिटर्न गिफ्ट देंगे
- दुबई में प्रवासी भारतीयों से किया संवाद



**भोपाल, 13 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब देश का सर्वाधिक प्रगतिशील प्रदेश बन गया है. निवेशकों के लिए हमारी सरकार ने सभी द्वार खोल दिए हैं. हमने मध्यप्रदेश में निवेशकों के लिए 18 प्रकार की पारदर्शी औद्योगिक नीतियां लागू की हैं.**

हमारी स भी औद्योगिक नीतियां बेहद साफ सुथरी हैं. मध्यप्रदेश में आने वाले निवेशकों को किसी भी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता. मध्यप्रदेश आपको बुला रहा है. हम पर भरोसा करें. मध्यप्रदेश में निवेश करें, हम भी आपको रिटर्न गिफ्ट देने में कोई कमी नहीं रखेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को दुबई में प्रवासी भारतीयों के फ्रेंड्स ऑफ एमपी इंटरनेशनल समूह के साथ आत्मीय संवाद कर रहे थे. उन्होंने निवेशकों से कहा कि यदि आप मप्र के लोगों को रोजगार देने वाला कोई बड़ा उद्योग लगाते हैं तो हमारी सरकार अगले 10 साल तक प्रति लेबर 5 हजार रुपए की सहायता राशि भी मुहैया कराएगी. यदि मेडिकल एजुकेशन या मेडिकल कॉलेज जैसा बड़ा कोई निवेश करना चाहते हैं तो, हमारी सरकार आपको मात्र एक रूपए में जमीन देगी. उन्होंने कहा कि सरकार हर कदम पर निवेशकों के साथ है. मध्यप्रदेश को अपना दूसरा घर बनाइये और यहां निवेश जरूर कीजिए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि दुबई मध्यप्रदेश के लोगों के लिए एक तरह से दूसरी मां के समान है. प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और जीआईएस के माध्यम से लगभग 30 लाख करोड़ रूपये का निवेश मिला है.

# पार्वती नदी में बह गया पूर्व पार्षद का बेटा

**ग्वालियर.** भितरवार नगर परिषद के पूर्व पार्षद भरत बाथम का पुत्र बलबीर बाथम पार्वती नदी में बह गया है. मछली पकड़ते समय पार्वती नदी स्टॉप डेम में बलबीर डूब गया, प्रशासन के राहत दस्ते तलाश कर रहे हैं. वहीं भिंड के औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर के ग्राम चक्क गांव में आज रात आए तेज तूफान से भारी नुकसान हुआ है. अधिकारी मौके पर पहुंच कर नुकसान का जायजा ले रहे हैं.

# मुख्यालय से गैरहाजिर रहने पर नहीं होगा वेतन आहरण

## सीएमएचओ ने की खंड स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

**बैरसिया, 13 जुलाई. विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा सिविल अस्पताल बैरसिया में सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा की उपस्थित में हुई. बैठक में सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विकासखंड स्तर पर प्रगति , दस्तक अभियान, परिवार कल्याण माह, टीबी मुक्त भारत अभियान, निरोगी काया अभियान के दिशा निर्देशों के तहत लक्ष्य प्राप्ति की समीक्षा की गई.**



बैठक के दौरान सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने कहा कि बैरसिया विकासखंड में पदस्थ स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन मुख्यालय में निवास करने पर ही आहरित किया जाएगा. बीएमओ डॉ पुष्पा गुरु को इस सम्बन्ध में निर्देश दिए. सीएमएचओ ने कई स्वास्थ्य संस्थाओं का भ्रमण किया. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुनगा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं रहवासियों से स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया. इस दौरान सरपंच संतोष लोधी द्वारा लेडी डॉक्टर की पोस्टिंग का आग्रह किया गया. सिविल अस्पताल बैरसिया में समीक्षा बैठक के दौरान सीएमएचओ ने निर्देश दिए कि दस्तक अभियान में 5 साल तक के बच्चों की लाइन लिस्टिंग के अनुसार निर्धारित सेवाएं देना सुनिश्चित किया जाए.

11 अगस्त तक संचालित विश्व जनसंख्या दिवस अभियान के दौरान लक्ष्य दंपत्ति सूची के अनुसार संपर्क कर परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई साधनों के लिए प्रेरित किया जाए. बैरसिया की शत - प्रतिशत ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर समन्वित रणनीति से कार्य किया जाए. इस अवसर पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिस डॉ पुष्पा गुरु के अलावा अस्पताल का समूचा स्टॉफ मौजूद रहा.

### सावन माह के प्रथम सोमवार को बांदकपुर में उमड़ेगा जनसैलाब

**दमोह.** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, एसडीएम दमोह आरएल बागरी और एसडीओपी पुलिस प्रशांत सिंह सुमन, थाना प्रभारी हिंडोरिया धर्मेंद्र गुर्जर ने बांदकपुर पहुंचकर सावन माह में कांवड़ियों के आगमन व श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है का जायजा लिया.


**कार्यालय न्यायालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक सिंघौरी अभयारण्य बाड़ी**

क्रमांक/1070 बाड़ी, दिनांक 11/7/2025

**नोटिस भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 (4) ख के तहत**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिक्षेत्र बाड़ी में अवैध वनोपज सागौन परिवहन करते हुए निम्न बोलेरो पिकअप जप्त होने से वन अपराध प्रकरण क्रमांक 42603/22 दिनांक 6/6/2025 पंजीबद्ध हुआ है. उक्त वन अपराध में बोलेरो पिकअप का उपयोग होने के कारण इस न्यायालय में राजसात की कार्यवाही प्रचलित है.

| क्र. | वाहन मोटर सायकल का प्रकार | रजिस्ट्रेशन नंबर |
|---|---|---|
| 1. | बोलेरो पिकअप | MP-37-GA-2664 Ch. No.- MAIZP2TBKJ6K38928 |

अत: इस समाचार पत्र में विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त वाहन के संबंध में हित रखता है तो वह विज्ञप्ति प्रकाशन की दिनांक से 10 दिवस के अंदर इस न्यायालय में उपस्थित होकर जप्त वाहन के स्वामित्व संबंधी अभिलेख तथा अपने पक्ष समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत करे. निर्धारित समयावधि में उपस्थित न होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर वाहन राजसात संबंधी आदेश पारित कर दिया जावेगा. बाद में कोई तर्क मान्य नहीं होगा.

**सूचना पत्र आज दिनांक 11/7/2025 को मेरे पद एवं मुद्रा से जारी किया गया.**

G15531/25 **अधीक्षक सिंघौरी अभयारण्य बाड़ी**


# सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

**बैरसिया, 13 जुलाई. मप्र. शिक्षक संघ बैरसिया का गुरु वंदन कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर जैन कालोनी मे रविवार को आयोजित हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मप्र. शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़, प्रांतीय सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा, विशेष अतिथि पर्वत सिंह राजपूत, बालेन्दु सिंह वीआरसी मचासीन रहे.**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षत्रवीर सिंह राठौड़ ने गुरु पूर्णिमा का बताते हुए कहा कि भारत में अनादि काल से गुरु- शिष्य की परम्परा रही है. शिक्षक संघ हर वर्ष गुरु वंदन कार्यक्रम में गुरुओं का सम्मान करता है. संघ के प्रांतीय सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा ने कहा कि शिक्षक संघ गुरु पूर्णिमा उत्सव के रूप में मनाता है. उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी.

ततपश्चात संघ के तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक संघ की रीति नीति पर प्रकाश डाला और मंचासीन अतिथियों एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल श्रीफल ओर पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मानित किया. इस अवसर पर इंदर सिंह चौहान, बिंदु श्रीवास्तव, शिशुपाल सिंह राजपूत, बृजेन्द्र यादव, संतोष जैन, हरनाथ सिंह ,मदन गोपाल नामदेव, राजेश चौरसिया, शमीम अख्तर, हेमलता वैरागी, दीपा सक्सेना, राकेश शुक्ला, रामसरन खरे, वीनेश यादव, मोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद थे.

# बोरवेल में गिरीं 2 बहनें एक हारी जिंदगी की जंग

- दूसरी का रेस्क्यू जारी, एक बच्ची का मिला शव

**सतना, 13 जुलाई. मध्य प्रदेश के सतना जिले में रविवार शाम को बड़ा हादसा हो गया. जिले की नागौद तहसील के हिलौंधा गांव में एक खेत में बने बोरवेल में दो नाबालिग लड़कियां गिर गईं.**

बच्चियों के गिरने की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया. जहां एक बच्ची का शव बोरवेल से निकाला गया. जबकि दूसरी बच्ची को बचाने की मुहिम जारी है. बताया जा रहा है कि यह हादसा रविवार शाम 5 बजे हुआ. नागौद थाना क्षेत्र के रेरुआकला गांव में खेत में हुए बोरवेल के गड्ढे में दो बच्चियां गिर गईं. रविवार को शख्स अपनी पत्नी और दोनों बेटियों के साथ खेत में रोपा लगाने गया था. जहां खेलते समय एक बच्ची का पैर फिसला और वह बोरवेल के गड्ढे में गिर गई, बहन को बचाने की कोशिश में दूसरी बच्ची भी गिर गई. दोनों बच्चियां सोमवती उम्र 12 और दुर्गा 8 वर्ष हैं.

बच्चियां खेलते-खेलते पास के ही रमेश मिश्रा के खेत में पहुंच गई थीं, जहां बोरवेल के गड्ढे में गिर गईं.

### बाणसागर से आज छोड़ा जाएगा 30 हजार क्यूमेक्स पानी

**चितरंगी.** बारिश से बाण सागर, देवलोद का बांध लबालब भर गया है. जहां कल 8 रेडियल गेटो से 3074 क्यूमेक्स छोड़ा जाएगा. जहां चितरंगी क्षेत्र के करीब तीन दर्जन गांवों के लोगों के सतर्क रहने के लिए प्रशासन ने मुनादी करा दी है. बाणसागर के जल स्तर में वृद्धि को बाणसागर बांध के 8 रेडियल गेट आज सुबह 10 बजे सोन नदी में पानी छोड़ा जाएगा.


**कार्यालय अधीक्षक सब जेल नसरुल्लागंज, जिला सीहोर (म.प्र.)**

**ई-मेल आईडी :** superintendentsubjailng@gmail.com

क्रमांक/504/निविदा/2025 नसरुल्लागंज, दिनांक 8/7/2025

**ई-निविदा विज्ञप्ति**

**वर्ष 2025-2026**

जेल मुख्यालय के पत्र क्रमांक 9663/भवन/2025 भोपाल दिनांक 15/4/2025 के द्वारा 64-001 मद अंतर्गत 02 अतिरिक्त व्ही.सी. कक्षों के निर्माण हेतु एवं पत्र क्रमांक 9502/भवन/ 2025 भोपाल दिनांक 9/4/2025 के द्वारा 33-001 अनुरक्षण मद में आवास गृहों के सामान्य मरम्मत हेतु 18 आवासगृहों हेतु स्वीकृति दी गई है, साथ ही जेल में वर्ष 2025-26 में अन्य अनुरक्षण कार्यों में लगने वाली सामग्रियों हेतु मध्यप्रदेश जेल पूर्ति नियम 1968 तथा मध्यप्रदेश भंडार क्रय नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के तहत सब जेल नसरुल्लागंज में उक्त कार्यों को करवाए जाने हेतु लगने वाली सामग्रियों की आपूर्ति हेतु ई-निविदा वर्ष 2025-26 ई-टेंडरिंग पद्धति के माध्यम से ऑनलाइन दिनांक 29/7/2025 को सायं 6 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं.

**निविदा का अनुमानित मूल्य**

| क्र. | सामग्री | ई-निविदा की अनुमानित राशि | 03 प्रतिशत प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | वी.सी. कक्ष निर्माण सामग्री एवं शासकीय आवासगृहों के अनुरक्षण कार्य में लगने वाली सामग्री एवं अन्य अनुरक्षण कार्य. | 5,00,000 | 15,000 |

निविदा से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है. निविदा कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है :-

**ई-निविदा का विवरण**

| क्र. | विवरण | दिनांक व समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | 21/7/2025 प्रात: 11 बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल नसरुल्लागंज जिला सीहोर |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख तक की निविदा हेतु 500/ तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु रुपए 1000/- प्रति फार्म राशि महालेखाकार ग्वालियर म.प्र. शीर्ष 0056, जेले- 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी | 29/7/2025 शाम 4 बजे तक | www.mptenders.gov पर प्राप्त किए जा सकेंगे |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 29/7/2025 शाम 6 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन स्वीकार की जावेगी. |
| 4. | तकनीकी निविदा खोलने (आवश्यक दस्तावेज) की तिथि | 30/7/2025 प्रात: .... बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल नसरुल्लागंज जिला सीहोर |
| 5. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 31/7/2025 दोपहर ... बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल नसरुल्लागंज जिला सीहोर |

G15568/25 **सहायक जेल अधीक्षक सब जेल नसरुल्लागंज, जिला सीहोर, म.प्र.**


**अनदेखी** | दीवारों में हो गईं दरारें, उग आए पेड़-पौधे

# यात्री प्रतीक्षालय हो गया जर्जर, हो सकता हादसा

**राधेश्याम शर्मा, नवभारत**

**बैरसिया, 13 जुलाई. भोपाल जिले की एक मात्र ग्रामीण बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे है. ऐसे तो इस बात के कई उदाहरण जनता के सामने है. बैरसिया बस स्टैंड का यात्री प्रतीक्षालय का ढ़ाचा जीती-जागती मिसाल है.**



कभी नगर पालिका परिषद का कार्यालय रहे इस भवन का लोकार्पण करीब 35 से 40 साल पहले पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई एवं पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ. शंकर दयाल शर्मा के कर कमलों द्वारा हुआ था. यह बस स्टैंड भोपाल, गुना, राजगढ़, सिरोंज, विदिशा जैसे कई शहरों से जोड़ता है. जहा रेलवे लाइन न होने के कारण यह बस स्टैंड ही लोगों का एकमात्र सहारा है. लेकिन आज इसी यात्री प्रतीक्षालय जर्जर हालात में खड़ा खुद यात्रियों के लिए बड़ा खतरा बन गया है.

इस भवन की बारिश के मौसम में टपकती छत, जगह-जगह दरारें, दीवारों में उगे पीपल के पेड़ — सब इस इमारत की दुर्दशा बयां कर रहे हैं.

एक साल पहले इसी प्रतीक्षालय का एक हिस्सा टूट कर एक बुजुर्ग महिला पर गिरा गया था. गनीमत उस वक्त बड़ी दुर्घटना टल गई. अब देखना यह है कि जिम्मेदार कब जागेंगे — या फिर कोई बड़ा हादसा ही प्रशासन को जगा पाएगा. खबर है कि एसडीएम आशुतोष शर्मा ने शनिवार को इस जर्जर बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय भवन को खाली कराकर चारों तरफ बंद करने के लिए मुनादी कराई गई हैं.